आकाशवाणी शिमला
17.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सातवें व अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। हालांकि मतदान में अभी डेढ़ महीना बाकी है लेकिन दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज़ कर दिया है। इसी दिन 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होगा। भाजपा ने एक ओर जहां लोकसभा के अलावा सभी 6 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल शिमला व मंडी संसदीय सीट पर ही अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया है। हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्रों के अलावा विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर मंथन कर रही है। राज्य में इस बार 56 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 7 मई को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 14 मई तक चलेगी। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 17 मई तक इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा ने राज्य सरकार को गिराने की कभी कोशिश नहीं की, बल्कि ये सरकार अपनी ही वजह से खतरे में पड़ी। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को मिली हार के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को नैतिकता के आधार पर अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि खेमों में बंटी कांग्रेस के नेता भी यही चाहते थे कि प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन किया जाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अस्थिरता के कारण बौखलाहट में है और चुनाव परिणाम आने के बाद राज्य में कांग्रेस सरकार नहीं रहेगी। विपक्ष के नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री जून महीने में महिलाओं को सम्मान निधि की 3 हज़ार रूपये की एकमुश्त किस्त देने की घोषणा कर रहे हैं, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के मन में ये डर बिठाया जा रहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पुरानी पैंशन योजना बंद कर देगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा बदले की राजनीति नहीं करती है।

कंगना रनौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की अति दुर्गम कुगती पंचायत में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह किया, ताकि नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बन सकें। कंगना रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से काफी लगाव है और उनके नेतृत्व में प्रदेश सहित पूरे देश में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने जितनी सड़कें बनाई हैं, उतनी कांग्रेस अपने 60 वर्ष के कार्यकाल में नहीं बना पाई।

राष्ट्रंपति–प्रधानमंत्री–रामनवमी

आज रामनवमी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि रामनवमी सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के निस्वार्थ प्रेम, वीरता और उदारता के उच्चतम आदर्श मानव जाति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में कामना की कि श्रीराम का जीवन और आदर्श विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु का आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

अयोध्या–रामनवमी

चैत्र रामनवमी मेले की धूम आज अयोध्या में दिखी। नवनिर्मित श्रीरामलला मंदिर में पहली बार राम जन्मोत्सव मनाया गया। राम जन्मोत्सव ने त्रेता युग का दृश्य निर्मित किया, जिसके भव्य आयोजन को दुनिया भर के सनातन धर्मियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे और मेला क्षेत्र को जोन, सेक्टर और सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये थे।

प्रधानमंत्री–राम लला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राम लला के सूर्य तिलक को डिजिटल माध्यम से देखा। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाखों भारतीयों की तरह यह उनके लिए भी एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्यां की भव्य रामनवमी ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कामना की कि सूर्य तिलक सभी के जीवन में ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने इस तिलक से राष्ट्र को गौरव की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने की प्रेरणा मिलने की भी कामना की।

नवमी

इधर प्रदेश में भी रामनवमी की धूम है और मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। शिमला के राममंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है और भजन–कीर्तन के साथ रामचरितमानस का पाठ भी आज संपन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार बीते आठ दिनों में प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों में प्रदेश और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर अपना शीश नवाया। इनमें सर्वाधिक सिरमौर के माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में 3 लाख 83 हजार, चिंतपूर्णी में 2 लाख 48 हजार एक सौ और श्री नयना देवी जी में 1 लाख 65 हजार 355 श्रद्धालुओं ने शीश नवाया।